शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन

हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद की एन.एस.एस इकाई व सामाजिक संस्था सोसायटी फॉर एडवांसमेंट ऑफ़ विलेज एट अर्बन एनवायरनमेंट सेव संस्था के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 23 सितंबर 2023 को शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता पर एक दिवसीय कैंप का आयोजन हिंदू कन्या महाविद्यालय, जींद के परिसर में किया गया। एक दिवसीय कैंप में महाविद्यालय की एन.एस.एस. यूनिट की 65 स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर सफाई अभियान में भाग लिया। महाविद्यालय, विज्ञान विभाग, ऑडिटोरियम, स्टाफ रूम, सभी पार्क, कैंटीन, लाइब्रेरी, ब्लॉक-1, ब्लॉक- 2 आदि सभी जगह पर साफ-सफाई का अभियान चलाया गया। इस अभियान के चलाने का मुख्य उद्देश्य सफाई के प्रति स्वयं को व दूसरों को जागरूक करना है। एक दिवसीय कैंप की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया डॉक्टर पूनम मोर ने की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साफ - सफाई हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। हमें अपने आसपास, अपने विद्यालय, महाविद्यालय, शहर, नगर आदि जगहों को साफ सुथरा रखना चाहिए। यह हमारा एक नागरिक होने के प्रति कर्तव्य है। एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आरती सैनी ने स्वयं सेविकाओं को कॉलेज में आते - जाते समय सड़कों पर कूड़ा न फेंकने के लिए जागरूक किया। इस एक दिवसीय कैंप में श्रीमान नारायण जी, चतुर्थ श्रेणी से कुलदीप जी, श्रीमती कांता जी मौजूद रही।

दैनिक जागरण पानीपत, 24 सितंबर, 2023

सेव संस्था और छात्राओं ने हिंदू कालेज में चलाया सफाई अभियान

जागरण संवाददाता, जींद : हिंदू कन्या महाविद्यालय की एनएसएस इकाई व सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट आफ विलेज एट अर्बन एनवायरनमेंट (सेव) संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सफाई अभियान चलाया। कैंप में महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट की 65 स्वयंसेविकाओं ने बढ़ चढ़कर सफाई अभियान में भाग लिया। महाविद्यालय, साइंस विभाग, ओडिटोरियम, स्टाफ रूम, सभी पार्क, कैंटीन, लाइब्रेरी में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के चलाने का मुख्य उद्देश्य सफाई के प्रति स्वयं को व दूसरों को जागरूक करना हैं। एकदिवसीय कैंप की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा. पूनम मोर ने की। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साफ-सफाई हमारे जीवन में महत्वपूर्ण हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आरती सैनी ने स्वयं सेविकाओं को कालेज में आते-जाते समय सड़कों पर कूड़ा न फैंकने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर नारायण, चतुर्थ श्रेणी से कुलदीप, कांता मौजूद रही।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में सफाई अभियान के दौरान भाग लेती छात्राएं। विज्ञप्ति